Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 15-03-2007

Participants : Yadav Shri Giridhari

an>

Title: Need to exclude OBC candidates qualifying UPSC Examination on merit from reservation quota.

श्री गिरिधारी यादव (बांका) : देश में पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए आरक्षण की व्यवस्था की थी। यूपीएससी जो उच्च पदों की नौकरियों पर नियुकति का कार्य करती है वह पिछड़े वर्ग के जो लोग मेरिट में होते हैं उनको भी पिछड़े वर्ग के आरक्षण में जोड़ लेते हैं जबकि नियम के अनुसार मेरिट में आये लोगों के अतिरिक्त अलग से पिछड़े वर्ग के लोगों को आरक्षण की व्यवस्था करनी चाहिए। जैसा कि इस सदन में पिछड़े वर्ग के आरक्षण प्रस्ताव के समय जो भावनायें और उद्देश्य व्यक्त किये गए हैं उनके अनुरूप पिछड़े लोगों को आरक्षण की व्यवस्था करवाई जाये जिससे सही मायने में पिछड़ों का विकास हो सके और उन्हें राट्रीय धारा में लाया जा सके।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है क मैरिट में आये पिछड़े लोगों को आरक्षण श्रेणी में न जोड़ा जाये।